बीजापुर में छह नक्सली गिरफ्तार संदिग्ध सामान भी बरामद

बीजापुर। जिले में पुलिस बल और सीआरपीएफ की 168 वीं बटालियन को शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने छह नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इनमें से एक नक्सली वर्दीधारी था, जिसका हार्डकोर नक्सली होने का अनुमान है।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ की 168 वीं बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाकर इन छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान का नेतृत्व रमाकांत तिवारी ने किया।

इन नक्सलियों को किया गिरफ्तार : ओयम दसरू , कोवासी वेल्ला, ओयम देवा, मुचाकि मंगू, पुनेम सन्नु, ताराचन्द नायक।

आपत्तिजनक सामान बरामद : पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के पास से डेटोनेटर, वायर, बैटरी, कारडेक्स वायर, कटा हुवा सिलेंडर, बम बनाने का सामान, कैची, सिरिंज पिट्ठू आदि बरामद हुआ है। बीजापुर एसपी मोहित गर्ग ने नक्सलियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

बीजापुर में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो जवान घायल

बीजापुर। जिले में नक्सलियों ने शुक्रवार को आईईडी ब्लास्ट कर दिया, जिसमें दो जवान घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक एसआई योगेश पटेल और आरक्षक इंद्रजीत सिंह एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे, इसी दौरान जब वे भोपालपट्नम से उल्लूर की तरफ जा रहे थे तब नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। घायल जवानों को इलाज के लिए फिलहाल भोपालपट्नम भेजा गया है।

रायपुर के एक दुकान में धमाके के बाद लगी भीषण आग

रायपुर। राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित बुढ़ातालाब के पास एक दुकान में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि दुकान में जबरदस्त हुए दो धमाके के बाद आग की चिंगारी ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना के बाद आधे घंटे लेट से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को आग को काबू करने में मशक्कत का सामना करना पड़ा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दुकान में जब लोगों ने आग लगने की सूचना दी तो दमकल कर्मी आधे घंटे की देरी से पहुंचे। जिसकी वजह से दुकान में रखे सभी समान जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि लैब का सामान होने की वजह से विस्फोट होने के बाद दो बार धमाके हुए। इसके बाद आग की चिंगारी पूरे दुकान में फैल गई। दुकान मालिक का नाम कुंजलाल यदु बताया जा रहा है। फिलहाल दमकल की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।

जंगल में आग लगी तो बीएसएनएल उपकरण जले, 200 गांवों के फोन बंद

कांकेर। परलकोट इलाके के मिचगांव के पास जंगल में मंगलवार को आग लग गई, जिससे लगभग 200 गांवों में संचार सेवा ठप रहा। आग से सड़क की ऊपरी हिस्से में बिछे बीएसएनएल का आप्टिकल फाइबर केबल बुरी तरह जलकर खाक हो गया। इससे बड़गांव, कापसी समेत दर्जनों गांव का संपर्क टूट गया। साथ ही जंगल में छोटे पौधे और जंगली औषधियां भी जलकर खाक हो गई।

जंगल को आग से बचाने के लिए वनविभाग द्वारा सालाना करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी वन विभाग जंगल में लग रही आग पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रहा है। वनविभाग द्वारा लगाए गए सेटेलाइट के माध्यम से नजदीकी परिक्षेत्र में आगजनी की घटना की सूचना दे दी जाती है। मगर कोई भी जिम्मेदार वनकर्मी या अधिकारी आग बुझाने में रूचि नहीं दिखा रहा है। वहीं संचार सेवा ठप हो जाने से बीएसएनएल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी सेवा को बहाल करने में जुटे रहे परन्तु मंगलवार को देर शाम तक सेवा बहाल नहीं हो सका। बुधवार को आगजनी की घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर जांच की तब केबल जलने का पता चला और अधिकारी, कर्मचारी तत्काल सेवा को बहाल करने की तैयारी में जुट गए। जिसके बाद देर शाम तक बीएसएनएल सेवा बहाल हो सका।

संचार सेवा ठप होने से बढ़ी परेशानी : पीवी 32 निवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजन अस्पताल ले जाने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त 102 वाहन (महतारी एक्सप्रेस) का लाभ लेने के लिए संपर्क करने का प्रयास किए, परंतु बीएसएनएल का टावर ठप रहने से संपर्क नहीं हो सका। हालांकि महिला को जैसे-तैसे पखांजूर ले जाया गया, जिसके बाद सरकारी वाहन से भानुप्रतापपुर सामुदायिक केंद्र ले जाया गया।

दोड़देकादर के जंगल में भी लगी आग, प्लांटेशन को नुकसान : दोड़दे कादर के निकट पहाड़ी पर भी विगत दिनों अचानक आग लग गई जो पूरे पहाड़ में फैल गई। इससे वन औषधी समेत छोटे पौधे जलकर खाक हो गए। जंगल में लगी इस आग को बुझाने के लिए न तो वन कर्मचारी आया और न ही कोई वन अमला। जिससे पता चलता है कि जंगल और वनों के प्रति वनविभाग कितना गंभीर है।

पीलिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

रायपुर। राजधानी रायपुर में पीलिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां के मोवा, कापा इलाके में हर घर से पीलिया के मरीज़ मिले हैं। स्वास्थ्य शिविर में इस बात का खुलासा हुआ है। 50 लोग जांच में पीलिया से पीड़ित मिले हैं।

स्वास्थ्य अमले को इलाके में पीलिया से पीड़ित मरीज होने की जानकारी पहले ही मिली थी, लेकिन विभाग का लापरवाह रवैया सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने समस्या को नज़रअंदाज़ कर दिया और केवल हिदायत देकर चले गए। इधर जब इलाके में मरीज़ों की हालत बिगड़ गई, तो आज निगम का अमला और स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची है। बताया गया कि गंदा पानी पीने की वजह से लोगों को पीलिया हुआ है। गौरतलब है कि पिछले एक हफ्ते से नालों में पीने का पानी बेहद गंदा आ रहा है, जिसे पीकर लोग बीमारी के शिकार बन रहे हैं। फिलहाल नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम यहां मरीज़ों की जांच और बीमारी को रोकने के उपाय में लगा हुआ है।

संत लाल सांई का झूलेलाल मंदिर में आगमन

रायपुर (आरएनएस)। चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में बिलासपुर चकरभाटा के संत लाल साई का आगमन तेलीबांधा झूलेलाल मंदिर मे व आनंद कुकरेजा निवास में हुआ जहाँ उनका सम्मान किया गया। वहीं तेलीबांधा धर्मशाला में सत्संग वाणी और लंगरसेवा का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि संत साई की मधुर वाणी को सुनने के लिए तेलीबांधा स्थित श्रद्धालु लंबे समय से उनके आगमन का इंतजार कर रहे थे।

लाल सांई ने अपनी मधुर वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये सत्य के रास्ते पर चलते हुये सुखी जीवन जीने के संबंध में प्रवचन दिया।

इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रश्न किये गये जिसका लाल सांई ने शांत एवं गंभीर भाव से जवाब देते हुये गृहस्थ जीवन में कलह एवं अशांत वातावरण से बचने की सलाह दी।

अंशदायी पेंशन नहीं जमा हुई तो दोषी अफसरों से होगी ब्याज वसूली

रायपुर। नवीन अंशदायी पेंशन योजना में जमा व भुगतान में लेटलतीफी पर सरकार ने बेहद ही तल्ख आदेश जारी किया है।

वित्त विभाग के प्रमुख सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के सभी विभाग प्रमुख, राजस्व मंडल, कमिश्नर व कलेक्टरों का निर्देश दिया है कि वो पेंशन योजना के अभिदाताओं का वेतन समय पर जमा/भुगतान नहीं होने पर ब्याज की वसूली संबंधित अधिकारी व कर्मचारी से की जाये।

राज्य सरकार का कड़ा निर्देश

दो पेज के बेहद कड़े पत्र में अमिताभ जैन ने कहा कि सभी कर्मचारियों को वेतन भुगतान महीने के आखिरी दिन निश्चित रूप से करने का निर्देश जारी किया गया है, लेकिन वेतन निकालने और भुगतान को लेकर कई अधिकारी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से नवीन अँशदायी पेंशन योजना के सदस्यों को मासिक अंशदान देरी से एऩएसडीएल में जमा होता है और कर्मचारियों को उस महीने का ब्याज नहीं मिलता है। पत्र के चौथे कालम में अमिताभ जैन ने लिखा है कि वेतन में देरी के लिए आहरण एवं संवितरण अधिकारी दोषी है। ऐसे में कर्मचारियों को होने वाली ब्याज हानि की वसूली उस अधिकारी के वेतन से किया जाये। शासन ने ये भी निर्देश दिया है कि ब्याज की वसूली जीपीएफ पर लागू ब्याज दर की जायेगी। जब तक ब्याज की वसूली नहीं की जाती, तब तक ट्रेजरी से उस अधिकारी का वेतन भी पास नहीं होगा। हालांकि जिम्मेदारी तय करने के पहले अधिकारी को इस लेट लतीफी के संदर्भ में अपनी बात रखने का मौका जरूर दिया जायेगा। अमिताभ जैन ने इस मामले में सभी अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश जारी किया है।

पार्टी से बर्खास्त होंगे कांग्रेस विधायक सियाराम और राय?

रायपुर। पार्टी प्रत्याशी लेखराम साहू को वोट डालने से इंकार कर कांग्रेस विधायक सियाराम साहू और आरके राय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी बड़ा फैसला लेने जा रही है। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कौशिक और राय ने लक्ष्मण रेखा लांघ दिया है। अब उन्हें एक मिनट भी पार्टी में नहीं रखना चाहिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दोनों विधायकों द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी को वोट नहीं डालने की रिपोर्ट आलामान को भेज दी गई है। प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया कांग्रेस प्रेसिडेंट राहुल गांधी के सतत संपर्क में हैं। दोनों विधायकों की अनुशासनहीनता को पार्टी ने गंभीरता से लिया है। सूत्रों का दावा है, उनके खिलाफ किसी भी वक्त बर्खास्तगी की कार्रवाई हो सकती है। ज्ञातव्य है, अमित जोगी के साथ इन दोनों विधायकों ने पार्टी प्रत्याशी को आज वोट नहीं दिया। अमित ने पार्टी प्रभारी पीएल पुनिया के माफी मागे बगैर वोट डालने से इंकार कर दिया था। कौशिक और राय ने अमित का समर्थन करते हुए वोटिंग से अपने को अलग कर लिया। अमित जोगी को कांग्रेस पहले ही बर्खास्त कर चुकी है। कौशिक और राय निलंबित हैं।

कमल विहार पीड़ित मंच की बैठक 25 को

रायपुर (आरएनएस)। कमल विहार के सैकड़ों पीड़ित भूमि स्वामियों को विकसित प्लाट मिलने में विलंब हो रहा है। जिसके कारण रायपुर विकास प्राधिकरण एवं शासन के प्रति पीड़ितों में भारी नाराजगी है। कमल विहार पीड़ित मंच के संयोजक इंदरचंद धाड़ीवाल शेख शकील एवं कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कमल विहार योजना में किसानों एवं गरीबों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। योजना को प्रारंभ हुये 8 वर्ष हो रहा है किन्तु भूमि स्वामियों का अब तक विकसित प्लाट नहीं मिले है। आरडीए द्वारा वर्ष 2015 में पूरी योजना तैयार कर जमीन मालिकों को विकसित प्लाट देने का वादा किया गया था किन्तु लापरवाह अधिकारियों की गैरजिम्मेदारी के कारण प्लाट देने में विलंब किया जा रहा है। वहीं सेक्टर 1 एवं अन्य सेक्टरों में विकास के कार्य बंद हो गये है। कमल विहार के सैकड़ों पीड़ितों ने शीघ्र विकसित प्लाट नहीं मिलने पर आरडीए के अध्यक्ष एवं अधिकारियों पर घेराव करने के संबंध में 25 मार्च रविवार को शाम 5 बजे नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित उद्यान में बैठक आयोजित करने की जानकारी दी है।

पूर्ण शराबबंदी के लिए जनता दल यूनाइटेड को मिल रहा जनसमर्थन

रायपुर (आरएनएस)। बिहार की तरह छग प्रदेश में भी पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष माता मणी तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये गये हस्ताक्षर अभियान को अच्छाखासा जनसमर्थन मिल रहा है। तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 22 से 28 अप्रैल के मध्य चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान के द्वितीय दिवस में लोगों ने बड़ी संख्या में शराबबंदी के खिलाफ हस्ताक्षर कर समाज की इस बीमारी से प्रदेश से मुक्त करने के लिए अपना समर्थन दिया। जदयू रायपुर शहर संयोजक बिसेशर बाघमार ने बताया कि पार्टी का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। समाज में प्रगति के लिए नशा मुक्त वातावरण का होना जरूरी है। महिलाओं पुरूषों युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में दिया जा रहा समर्थन इस बात का प्रमाण है कि लोग शराब के चलते अपने घरों को बर्बाद होने से बचाने के लिए अभियान को समर्थन दे रहे है। हस्ताक्षर अभियान में संजय मिश्रा चंद्रशेखर पांडेय रघुराज सिंह राकेश वर्मा पुनाराम निषाद राजेश वर्मा संतोष निषाद मोहम्मद जिलानी राघवेंद्र साव सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर शराब के विरोध में समर्थन दिया जा रहा है। अध्यक्ष माता मणी तिवारी ने कहा कि 1 अप्रैल से नये सत्र में शासन द्वारा शराब बेचे जाने का पार्टी विरोध करती है। साथ ही मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह करती है कि बिहार की तर्ज में छग में भी पूर्ण शराबबंदी लागू कर घरों को शराब से बर्बाद होने से बचायें।

लोक सुराज : प्रभारी सचिव शामिल हुई समाधान शिविर में

जनधारा समाचार

बालोद। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की सचिव तथा प्रभारी सचिव निहारिका बारिक आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुई। उन्होंने कलेक्टर डॉण् सारांष मित्तर के साथ विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। षिविर में विधायक भैय्याराम सिन्हा जनपद पंचायत की अध्यक्ष डामेश्वरी साहू जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटाराए वनमण्डल अधिकारी एम. गोविंद राव मौजूद थे।

कलेक्टर ने बताया कि नौ ग्राम पंचायत कंवर भिरई सांगली पलारी देवकोट पेंडरवानीए पेरपारए गंगोरीपार और फागुन्दाह के इस कलस्टर में लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण में कुल 2ए384 मॉग प्राप्त हुआ थाए जिसमें से 2381 मॉगो का निराकरण कर लिया गया है। इसी प्रकार कुल 33 षिकायत प्राप्त हुआ थाए जिसका निराकरण किया गया। प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों को लोक सुराज अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को षासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने प्रेरित किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण में प्राप्त मॉगों और षिकायतों के निराकरण की जानकारी दी गई।समाधान षिविर में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत पॉच हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्षन प्रदान किया गया। सौभाग्य योजना के अंतर्गत पॉच हितग्राहियों को घरेलू विद्युत कनेक्षन उपलब्ध कराने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चार परिवारों को नवीन राषन कार्ड प्रदान किया गया। स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पॉच हितग्राहियों को स्मार्ट कार्ड प्रदान किया गया। कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत दो किसानों को कृषि यंत्र स्प्रेयर प्रदान किया गया। तीन किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया।

बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने से चार दिव्यांगजनों की राह हुई आसान : समाधान शिविर में आज चार दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने से उनकी राह आसान हो गई। ग्राम बासीन की 32 वर्षीय दोनों पैर से दिव्यांग थमेश्वरी ग्राम देवकोट के 34 वर्षीय दोनो पैर से दिव्यांग मोतीराम ग्राम खुंदनी के 48 वर्षीय दोनो पैर से दिव्यांग नारायण और ग्राम तितुरगहन के 53 वर्षीय दोनों पैर से दिव्यांग कृष्ण कुमार ने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि वे लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण में बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग की थी। आज उन्हें बैटरी चलित ट्रायसायकल मिल गई है। अब वे बिना किसी के सहारे से आना जाना कर सकते हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक गणेश प्रसाद मिश्रा द्वारा स्वामी अभिव्यक्ति प्रकाशन प्रा.लि. के लिए मिशन मीडिया प्रा.लि., छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रायपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं सी-111, शिव मंदिर के सामने गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक- विवेक मिश्रा*, आरएनआई रजि. नं.-52143/91, डाक पंजीयन 29/2010-2012, * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।